मध्य प्रदेश दो नए हवाई अड्डों के साथ क्षेत्रीय कनेक्टविटी को बढ़ावा देगा

चर्चा में क्यों?

नागरिक उड्डयन मंत्रालय (MoCA) ने UDAN (उड़े देश का आम नागरिक) योजना के तहत मध्य प्रदेश में गुना और शिवपुरी हवाई अड्डों को विकसित करने की योजना की घोषणा की है।

मुख्य बिंदु:

- इस पहल का उद्देश्य **क्षेत्रीय हवाई कनेक्टविटी** में सुधार करना और इन क्षेत्रों के निवासियों के लिये हवाई यात्रा को अधिक सुलभ बनाना है।
- राज्य सरकार के स्वामित्व वाले **गुना हवाई अड्डे** को उड़ान 5.2 योजना के तहत विकास के लिये पहचाना गया था। MoCA ने इसके विकास के लिये **45 करोड़ रुपए** आवंटित किये हैं।
- **शिवपुरी हवाई अड्डा**, जो शिवपुरी जिले में स्थित है और राज्य सरकार के स्वामित्व में है, को UDAN 5.2 के तहत विकसित किया जाएगा। यह **हवाई अड्डा 9 सीटों** वाले विमानों के संचालन के लिये नामित है।
    - नई **स्टार्टअप एयरलाइन स्पिरिट एयर** ने शिवपुरी-भोपाल रूट के लिये बोली लगाई है।
- **भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI)** संचार, नेविगेशन, निगरानी CNS)/हवाई यातायात प्रबंधन (ATM) और वैमानिकी सूचना सेवाएँ (AIS) प्रदान करते हुए एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह दोनों हवाई अड्डों के संचालन और रखरखाव (O&M) का प्रबंधन करेगा।

उड़ान योजना

- **उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान)** योजना को वर्ष 2016 में **नागरिक उड्डयन मंत्रालय** के तहत एक क्षेत्रीय कनेक्टविटी योजना (RCS) के रूप में शुरू किया गया था।
- इसे राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन नीति(एनसीएपी)-2016 की समीक्षा के आधार पर तैयार किया गया था और इसे 10 वर्षों की अवधि के लिये लागू रखने की योजना थी।
- इस योजना के तहत आरसीएफ बनाया गया था, जो कुछ घरेलू उड़ानों पर लेवी के माध्यम से योजना की वीजीएफ आवश्यकताओं को पूरा करता है।
    - VGF का अर्थ है एकमुश्त या आस्थगित अनुदान, जो कि आर्थिक रूप से उचित लेकिन वित्तीय व्यवहार्यता से कम होने वाली बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं का समर्थन करने के लिये प्रदान किया जाता है।
- **योजना के चरण:**
- चरण 1 को वर्ष 2017 में लॉन्च किया गया था, जिसका **उद्देश्य देश में अनुपयोगी और असेवित हवाईअड्डे को शुरू करना था।**
- चरण 2 को वर्ष 2018 में लॉन्च किया गया था, जिसका**उद्देश्य देश के अधिक दूरस्थ और दुर्गम हिस्सों में हवाई संपर्क का विस्तार करना था।**
- चरण 3 को नवंबर 2018 में लॉन्च किया गया था,**जिसमें देश के पहाड़ी और दूरदराज़ के क्षेत्रों में हवाई संपर्क बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया था।**
- उड़ान योजना का चरण 4 दिसंबर 2019 में शुरू किया गया था,**जिसमें द्वीपों और देश के अन्य दूरस्थ क्षेत्रों को जोड़ने पर ध्यान केंद्रित किया गया था।**
- उड़ान योजना का चरण **5 वर्ष 2023** में शुरू किया गया था, जिसमें हवाई कनेक्टविटी बढ़ाने, हवाई किराए कम करने, अधिक नौकरियाँ उत्पन्न करने, पर्यटन, व्यापार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने एवं अंतिम मील कनेक्टविटी हासिल करने पर ध्यान केंद्रित किया गया था।
- **UDAN 5.2 श्रेणी** 1A (<9 सीटें) और श्रेणी 1 (<20 सीटें) जैसे छोटे विमानों के माध्यम से अंतिम मील कनेक्टविटी प्राप्त करने पर केंद्रित है।

Drishti IAS

UDAN SCHEME

Ude Desh Ka Aam Naagrik

Ministry of Civil Aviation

2016

FEATURES:

- Connecting Small and Medium cities with big cities through air service
- Providing affordable, economically viable, and profitable air travel
- Extending financial incentives to selected airlines to encourage operations from unserved and under-served airports.

ABOUT:

- A Regional Connectivity Scheme (RCS)
- Launched in October 2016 and operational for a period of 10 years
- Formulated in Pursuance of the National Civil Aviation Policy (NCAP)-2016
- Udan **5.0** is the latest project.

BENEFITS:

- Democratisation of the Aviation Sector
- Employment Generation
- Boost to Tourism Sector
- Connecting smaller airports, special helicopters and sea plane routes.

- **Lifeline UDAN:** Air transport of medical cargo and essential supplies across India at the time of the Covid-19.
- **Krishi UDAN:** To assist farmers in transporting agricultural products
- **International UDAN:** To connect India's smaller cities directly to some key foreign destinations.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/madhya-pradesh-to-boost-regional-connectivity-with-two-new-airports